राजस्थान सरकार
औषधि नियंत्रण संगठन, कमरा नं0 305, स्वास्थ्य भवन,
तिलक मार्ग, जयपुर (राजस्थान)।

E-mail: drugcontrolraj@gmail.com
Contact no. 0141-2221760, 2221670

क्रमांक : डीसी/ए–2/2017/652 दिनांक :25/10/2017

औषधि नियंत्रक–द्वितीय,
राजस्थान, जयपुर।

समस्त सहायक औषधि नियंत्रक
राजस्थान।

विषयः-- औषधियों के निर्माण हेतु प्रपत्र 24 व 27 पर आवेदन तथा प्रपत्र 25 व 28 पर लाईसेंस ऑनलाईन जारी/नवीनीकरण करने के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि औषधियों के निर्माण हेतु प्रपत्र 24 व 27 पर आवेदन तथा प्रपत्र 25 व 28 पर लाईसेंस ऑनलाईन जारी/नवीनीकरण करने की प्रक्रिया को सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग, योजना भवन, जयपुर के द्वारा सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम पर ऑनलाईन कर दिया गया है एवं दिनांक 25.10.2017 के बाद से ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकार किये जावें।

इस हेतु आप सभी अपने स्तर से सभी संबंधितों को व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु निर्देशित करें।

यदि किसी तकनीकी कारणों या कोई विशेष युक्ति–युक्त कारण से ऑफलाईन लाईसेंस जारी किये जाने हेतु आवेदन स्वीकार किया जाना आवश्यक हो तो औषधि नियंत्रक–द्वितीय, राजस्थान, जयपुर/संबंधित जिले के सहायक औषधि नियंत्रक के स्तर से ऐसी परिस्थिति से लिखित में संगठन को अवगत कराते हुये अद्योहस्ताक्षरकर्ता से लिखित में अनुमति प्राप्त की जावे।

/
(अजय फाटक)
औषधि नियंत्रक
राजस्थान, जयपुर

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. निदेशक (जन स्वा0), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर।
3. अध्यक्ष, राजस्थान फार्मास्यूटिकल मेन्यूफेक्चरिंग एसोसियेशन, राजस्थान, जयपुर।
4. जिला जन सम्पर्क अधिकारी, मुख्यालय, जयपुर को समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु।
5. प्रभारी सर्वर रूम, मुख्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि सभी संबंधितों को ई–मेल करावें व विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करावें।

(अजय फाटक)
औषधि नियंत्रक
राजस्थान, जयपुर

D:\Soni Ji\Letter 2017.docx